# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.07.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का उत्सव शुरू, रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर से शाम 5 बजे निकाली जायेगी भव्य रथ यात्रा, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।**

2. **राज्य सरकार स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ करेगी एमओयू, विश्वस्तरीय नर्सिंग शिक्षा और मेडिकल रिसर्च का मिलेगा अवसर।**

3. **रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट बुकिंग आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट का नया संस्करण किया जारी।**

4. **पथ निर्माण विभाग ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी जिलों को जिला स्तर पर हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स का तत्काल गठन करने का दिया निर्देश।**

5. **उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बन रहे साईक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से झारखंड में अच्छी बारिश के मिल रहे संकेत।**

**************************

राज्यभर में आज भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों की भव्य रथ यात्रा निकाली जा रही है। रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर से शाम 5 बजे भगवान और उनके भाई–बहन की रथ यात्रा शुरू होगी। जामताड़ा में श्री श्री राधा माधव मंदिर से रथ यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि रथ यात्रा में भगवान और भक्तों का पवित्र मिलन अद्वितीय और भावुक पल होता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रथ यात्रा को भारत की सदियों पुरानी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की एक शानदार अभिव्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा से जुड़ी परंपराओं ने भारत और दुनिया को प्रेरित किया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पावन अवसर पर बधाई दी और कहा कि यह त्योहार हम सभी को सेवा, समरसता, आस्था और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहे।

**************************

रथ यात्रा महोत्सव को लेकर रांची समेत विभिन्न जिलों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजधानी रांची के धुर्वा में चप्पे–चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। वहीं जमशेदपुर के एसएसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारी की गयी है।

**************************

राज्य सरकार स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अमेरिका की प्रतिष्ठित जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इस पहल से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और अन्य मेधावी छात्र–छात्राओं को अमेरिका में विश्वस्तरीय नर्सिंग शिक्षा, मेडिकल रिसर्च, स्किल डेवलपमेंट और एडवांस ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा।

**************************

रेल मंत्रालय ने टिकट बुकिंग आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए आई–आर–सी–टी–सी की वेबसाइट का एक नया स्वरूप जारी किया है। आईआरसीटीसी ने इसमें चार बड़े सुधार किए हैं।

**************************

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष गीता बलमुचू को ओडिशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड –ओएमडीसी का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है।

**************************

आम आदमी पार्टी की बोकारो जिला इकाई ने उपायुक्त अजय नाथ झा और सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर सदर अस्पताल की अव्यवस्था पर ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को 10 वर्षीय बच्ची की कथित रूप से समय पर उपचार नहीं मिलने से हुई मौत के संबंध में भी जानकारी दी साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की गई।

**************************

पथ निर्माण विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को जिला स्तर पर ***हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स*** का तत्काल गठन करने का निर्देश दिया है। विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि जिन जिलों से राष्ट्रीय उच्च पथ गुजरते हैं, वहां अविलंब टास्क फोर्स का गठन कर विभाग को जानकारी दें। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय उच्च पथ पर सड़क सुरक्षा को मजबूत करना, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी लाना और दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान करना है।

**************************

जमशेदपुर स्थित **एक्स एल आर आई** के रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर **एक्स–साइट** ने नाबार्ड के सहयोग से अपने पहले ग्रामीण इनक्यूबेशन बैच के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। एक्स–साइट के सीईओ रवीश वसन ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा स्थानीयों को आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

**************************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की ओर से तीन दिवसीय **उन्नति राखी मेला** का आयोजन किया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं।

**************************

गिरिडीह जिले में बगोदर थाना पुलिस ने कल भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की। एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि शराब को बंगाल से बिहार ले जाया जा रहा था।

**************************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक आज सुबह के सत्र में शून्य दशमलव चार प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 286 अंक बढ़कर 77 हजार 471 पर और निफ्टी 75 अंक बढ़कर 24 हजार 154 पर पहुंच गया।

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 33 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 30 हजार रूपये प्रति किलो है।

**************************

मौसम विभाग ने झारखंड में अगले तीन–चार दिन अच्छी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के प्रभाव से अच्छी बारिश के संकेत हैं।

**********समाप्त*************